राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 15 नवम्बर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने आज भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना सचिवालय, सिंचाई भवन के निकट (42 क्रान्ति मार्ग के तिकोन में स्थित) उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

उक्त राजकीय समारोह में माननीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, विभिन्न राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

....